तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का प्रभावी माध्यम



## खबर संक्षेप

### सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**कोरबा।** सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को जारी की गई है। अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमेन दसवी पास, ट्रेडमेन आठवी पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदो के लिए जारी किया गया है। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है।

### कसियाडीह में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी पांच दिवसीय शिव कथा

**हरदीबाजार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने जा रहा है पंच दिवसीय शिव कथा 14 से 18 फरवरी तक ग्राम कसियाडीह के पावन धरा धाम में शिव कथा का आयोजन समस्त ग्रामवासीयों द्वारा कराया जा रहा है कथा प्रवक्ता पं दयानंद कृष्ण जी महाराज शिक्षा श्री धाम वृंदावन गृह ग्राम भलपहरी वाले के श्री मुखारबिंद से शिव महापुराण के माध्यम से शिव जी के पावन चरित्रों को पंच दिवस तक श्रवण करायेंगे कथा समय दोपहर 3 बजे से महादेव कृपा तक कथा प्रवाहित होगी यज्ञाचार्य पं जिज्ञासु तिवारी एवं शिव मिश्र रहेंगे। शिवमहापुराण कथा श्रवण व भोग भंडारा ग्रहण करने समस्त ग्राम वासियों ने आग्रह किया है।

### शांतिनगर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर भोग का होगा वितरण

**हरदीबाजार।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरदीबाजार शांतिनगर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में लगातार 13 वर्षो से विशेष पूजा अर्चना कर खीर-पूड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता रहा है। आदिदेव महादेव को खीर-पूड़ी प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने बताया कि इस वर्ष एसईसीएल दीपका कोयला खदान से प्रभावित होने की वजह से लोगों की आबादी घट गई है, जिससे खीर-पूड़ी प्रसाद का वितरण न कर सुखा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 18 को

**कोरबा।** आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 18 फरवरी को जनपद पंचायत करतला के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला, विकासखंड स्तरीय सभी अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। इसी तरह जनपद पंचायत करतला अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक किया जायेगा।

### उद्यमिता जागरूकता शिविर कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत जिले के युवक-युवतियां/उद्यमियों के लिए स्वयं का सेवा व्यवसाय/उद्यम स्थापना के लिए विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायत केराझरिया, विकासखण्ड-पाली में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा के प्रबंधक एवं पीएमएफएमई के डीआरपी द्वारा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए योजना के तहत उपलब्ध होने वाले सब्सिडी, ऋण सुविधाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# टेट के दायरे से बाहर रहने वाले शिक्षकों का विभाग कर रहा डाटा तैयार

## टेट परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने के निर्देश के तहत चल रही प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

नियमित शिक्षकों के लिए भी टेट परीक्षा उत्तीर्ण किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शिक्षा विभाग के ऐसे शिक्षकों की टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। जिनकी सेवानिवृत्ति को 5 साल से अधिक का समय बचा हुआ है वहीं 5 साल से कम जिन शिक्षकों की सेवा अवधि बची हुई है उन्हें इस दायरे से बाहर रखा गया है। जिले में ऐसे कितने शिक्षक हैं जो आगामी 5 वर्षों में ही रिटायर हो जाएंगे उनका डाटा शिक्षा विभाग तैयार कर रहा है जो शासन को भेजा जाएगा।

अलग खबर

टेट परीक्षा अनिवार्य किए जाने से शिक्षकों को इसके लिए दो अवसर दिए जाएंगे और इन दो अवसरों में ऐसे नियमित शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। जिनके रिटायरमेंट को लंबा समय बचा हुआ है किंतु जिन शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आगामी 5 साल के अंदर हो जाएगी उन्हें इसके दायरे से बाहर रखे जाने के बाद अब ऐसे शिक्षकों की जानकारी भी तैयार हो रही है। राज्य शासन से इसके लिए एक पत्र भी शिक्षा विभाग को मिला है। जिसमें आगामी 5 वर्षों में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की पूरी जानकारी मांगी गई जिसमें उनकी उम्र से लेकर सेवा अवधि, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि आदि जानकारियां शामिल हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से प्राइमरी से लेकर मिडिल में पदस्थ शिक्षकों का आंकड़ा जुटाया जा रहा है। विभाग ऐसे शिक्षकों की जानकारी तैयार करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। फरवरी महीने के अंत तक यह जानकारी राज्य शासन को भेजा जाना है। कितने शिक्षक टेट परीक्षा के दायरे में नहीं आएंगे यह डाटा भी शिक्षा विभाग आने वाले एक पखवाड़े में तैयार कर लेगा।

### खास बातें

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राज्य शासन ने शिक्षा विभाग से मांगी है जानकारी




### 2 हजार से अधिक शिक्षकों ने दिलाई थी परीक्षा

जिले के प्राइमरी और मीडिल स्कूल में पदस्थ शिक्षकों को टेट परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है। जिले में 2 हजार से अधिक शिक्षकों ने बीते 1 फरवरी को टेट परीक्षा दिलाया था। हालांकि अब तक टेट परीक्षा के आंसर पेपर व्यापमं के द्वारा जारी नहीं किया गया है। परीक्षार्थियों को आंसर पेपर का इंतजार बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों से टेट परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पत्र को लेकर विवाद की स्थिति भी बनी हुई है।

## पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में आते हैं फ्लोराइड प्रभावित गांव

# फ्लोराइडयुक्त पानी से दिव्यांग ग्रामीणों को प्रमाण पत्र की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के फ्लोराइड प्रभावित ग्रामीणों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या सामने आयी है। इसके मुताबिक फ्लोराइड पानी पीने से दिव्यांगता का शिकार हुए ग्रामीणों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने जैसी पहल नहीं होने से दिव्यांग हुए ग्रामीणों को पेंशन जैसी अल्प सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। फ्लोराइड पानी पीने से विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के अलग अलग क्षेत्र प्रभावित हैं।

### खास बात

- प्रमाण पत्र बनने से पेंशन जैसी सुविधा से हो सकते हैं लाभान्वित

फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के जिन ग्रामों के ग्रामीण दिव्यांगता का शिकार हुए हैं उनके समक्ष सबसे बड़ी समस्या यह हो रही है कि वह अब ना किसी भारी काम के लायक रह गए हैं और ना ही उन्हें कोई प्रशासनिक सुविधाएं सुलभ हो पा रही हैं। परेशान ग्रामीणों की इस समस्या की ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान भी नहीं जा रहा है। जिसकी वजह से फ्लोराइड प्रभावित पानी के उपयोग से पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण भी नहीं हो पा रहा है। इन ग्रामीणों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिलने से पेंशन जैसी सुविधा मिल सकती थी लेकिन दूरस्थ अंचल होने के कारण आम लोगों का ध्यान इस ओर नहीं गया है। स्थानीय निवासियों की मानें तो जनपद व पंचायत की ओर से भी दिव्यांग हुए लोगों को प्रमाण पत्र दिलाए जाने से संबंधी किसी भी तरह की पहल नहीं हुई है। फ्लोराइड पानी के उपयोग से अधिकांश लोगों की कमर झुक गई है। हाथ पांव भी टेढ़े हो गए हैं। स्थिति यह है कि खेत का काम करने में भी इन्हें शारीरिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।



फ्लोराइड पानी से प्रभावित दिव्यांग जिन्हें नहीं मिला प्रमाण पत्र।

### सघन सर्वे की है जरुरत

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में दिव्यांग हुए लोगों के सघन सर्वे की जरुरत महसूस हो रही है। प्रशासन अगर गंभीरता से प्रभावित ग्रामों का सर्वे कराता है तो फ्लोराइड पानी के उपयोग से आंशिक दिव्यांगता का शिकार हुए ग्रामीणों की एक बड़ी जानकारी सामने आ सकती है। बताया जाता है कि पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के कौआताल, पंडरीपानी, आमाटिकरा, मातिन जैसे गांव प्रभावित हैं। आमाटिकरा और मातिन के लगभग 40 ग्रामीण आंशिक दिव्यांगता के शिकार हो चुके हैं। वहीं कुछ स्कूली बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

### पीएचई ने बंद कराए हैंडपंप और नलकूप

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में ऐसे हैंडपंप व नलकूप को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा बंद करा दिया गया है। जिनसे फ्लोराइडयुक्त पानी निकला करता था। उनकी जगह पर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सोलर पंप लगाकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं कुछ क्षेत्रों में कम गहराई के कुएं खोदे गए हैं ताकि फ्लोराइडयुक्त पानी से ग्रामीणों को बचाया जा सके।

# युवती से छेड़छाड़ कर लूटपाट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में बसने वाली एक युवती ने युवक पर लूटपाट, छेड़छाड़ करने के साथ जबरजस्ती जहर पिलाने जैसा संगीन आरोप लगाया है। युवती की लिखित शिकायत के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने मामले में युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण को श्यांग पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 21 वर्षीय युवती ने लिखित में शिकायत दर्ज कराई है कि लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवपहरी निवासी रामनरेश यादव से उसकी जान पहचान थी। रामनरेश यादव 9 फरवरी को युवती के घर पहुंचा था और उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए उसके घर में रखे लगभग 1 लाख रुपए नगद को लूट लिया और युवती को किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन भी करा दिया था। मामला सामने आने के बाद युवती ने इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में युवती के लिखित शिकायत पर घटना को अंजाम देने वाले देवपहरी निवासी रामनरेश यादव के खिलाफ धारा 109 (1) 305 (ए) 331, 74 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केएन कॉलेज में शिक्षा संकाय में बौद्धिक सत्र का हुआ आयोजन

**कोरबा।** कमला नेहरु महाविद्यालय में गुरुवार को शिक्षा संकाय में बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा प्राप्त कर लेना काफी नहीं है। स्वयं को जिम्मेदार व कुशल नागरिक के रुप में ढालना भी उतना ही जरुरी है और तभी हम अपने इस विकासशील देश को विकसित भारत में रुपांतरित कर सकते हैं। उन्होंने पांच बातों को विस्तारित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम हम यह मानें कि धरती हमारी माता है। विश्वबंधुत्व का यह विचार मन में हो तो हम कभी भ्रष्टाचार नहीं करेंगे, दूसरों की खुद से कमतर नहीं आंकेंगे और भेद-भाव की दुर्भावना से परे होकर पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोया जा सकेगा। दूसरी बात यह कि हम अपनी संस्कृति, भाषा, भूषा और भवन का सम्मान करें। अपनी वेशभूषा धारण करें, मातृभाषा या राष्ट्रभाषा का प्रयोग करें। तीसरी बात यह कि प्रकृति व पर्यावरण को बचाने की नैतिक जिम्मेदारी निभाएं, पौधरोपण करें और सिंगल यूज प्लास्टिक को जीवन से बाहर करें।

# रेलवे परिसर एवं पटरियों के आसपास मवेशी लाने पर होगी कड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

रेलवे प्रशासन द्वारा सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों एवं रेलवे लाइनों के आसपास मवेशियों की आवाजाही रोकने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रेलवे नियमों के अनुसार रेलवे स्टेशन परिसर, रेलवे ट्रैक एवं उसके आसपास मवेशियों को लाना अथवा खुला छोड़ने से मवेशी रेलवे ट्रैक पर आ जाने के कारण रेलगाडी से टकराने के कारण होने वाली दुर्घटना से यात्रियों की सुरक्षा में संकट उत्पन्न होता है जो अपराध की श्रेणी में आता है। इससे ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, समयपालन तथा यात्रियों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए मंडल द्वारा प्रभावित स्थानों पर पशुपालकों, चरवाहों तथा मवेशियों के मालिकों को समझाइश दी गई है इसके बाद भी उनके द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। रेलवे प्रशासन सभी मवेशी मालिकों से अपील करता है कि वे अपने मवेशियों को रेलवे स्टेशन एवं रेलवे लाइनों के आसपास न आने दें। अन्यथा रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ता पहुंचे थाने, कथित पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज




थाने में जुटी अधिवक्ताओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एक तथाकथित पत्रकार द्वारा अधिवक्ताओं को लेकर सोशल मीडिया में खबर प्रसारित किया गया था। इस मामले को लेकर जमकर हंगामा भी हुआ था। घटना के दूसरे दिन जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी बड़ी संख्या में सिविल लाईन पहुंचे थे जहां मामले की लिखित शिकायत पर पुलिस ने तथाकथित पत्रकार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

बालको क्षेत्र में निवास करने वाला एक तथाकथित पत्रकार मुकेश भारती ने अपने वेब पोर्टल पर अधिवक्ताओं को लेकर एक खबर प्रसारित किया था, जिसे लेकर गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ था और तथाकथित पत्रकार व वकीलों में जमकर हुज्जतबाजी हुई थी जिसके ▶▶ शेष पेज 3 पर

### वेंडर की रिपोर्ट पर भी हुआ अपराध दर्ज

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा निवासी दिलीप कुमार पटेल पिता स्व. राम खिलावन पटेल ने सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि जिला न्यायालय परिसर में पिछले 23 साल से स्टाम्प वेंडर का काम करता आ रहा है। उसके साथ मुरली श्रीवास एवं राम कुमार कश्यप भी स्टाम्प वेंडर एवं स्टाम्प बिक्री का काम एक ही जगह करते हैं। 12 फरवरी की शाम लगभग 3:45 बजे बालको निवासी मुकेश भारती जो अपने आप को पत्रकार कहता है दिलीप कुमार के पास आया और स्टाम का रेट पूछा उसके द्वारा स्टाम्प का रेट बताने पर तुम लोग अनाप सनाप रेट पर बेचने की बात करते हुए उसके साथ गाली गलौच और जान से मारने की धमकी दी है। इस मामले में भी स्टॉम्प वेंडर की रिपोर्ट पर मुकेश भारती के खिलाफ 296, 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### भाई ने लिखाई रिपोर्ट, मामला दर्ज

बालको भदरापारा निवासी राकेश भारती ने बालको थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसका छोटा भाई मुकेश भारती के द्वारा मामला निपटाने के नाम पर उससे पैसे की डिमांड की गई थी और पैसा भी लिया गया था। राकेश भारती ने मुकेश भारती पर मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताडित करते हुए अवैध रूप से पैसा मांग कर भयादोहन किया जाने की शिकायत की है जिसके आधार पर पुलिस ने मुकेश भारती के विरूद्ध धारा 308(2) अपराध पंजीबद्ध किया है।

## विद्युत वितरण विभाग में सर्किल का कुल बकाया 436 करोड़ पहुंचा

# वित्तीय वर्ष समाप्त होने में 45 दिन शेष, हर रोज 10 करोड़ करनी होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

विद्युत वितरण विभाग इन दिनों अपने बकायादारों की फेहरिस्त लेकर सभी क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर रही है और अधिक से अधिक बढ़ाया राशि वसूलने में जुटी हुई है लेकिन इसके बाद भी कोई ठोस सफलता नहीं मिल रही है। सर्किल का कुल बकाया 4सौ करोड़ के पार जा पहुंचा है और वित्तीय वर्ष समाप्त होने की उल्टी गिनती शुरू भी हो चुकी है। ऐसे में शेष लगभग 45 दिनों में बकाया राशि को वसूलने के लिए विभाग को पूरा दमखमलगाना पड़ेगा और प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ के आसपास वसूली करनी होगी तब जाकर पूरा बकाया राशि वसूल किया जा सकेगा।



बकायादारों का कनेक्शन काटते कर्मी।

उल्लेखनीय है कि जिले में विद्युत वितरण विभाग के बकायादारों की फेहरिस्त लगातार बढ़ती ही जा रही है। बताया जाता है कि जिले में विद्युत वितरण विभाग का बकाया लगभग 436 करोड़ के लगभग जा पहुंचा है। इस राशि को वसूलने के लिए प्रत्येक जोन में अलग-अलग टीम गठित की गई है और विद्युत वितरण विभाग की टीम लगातार वसूली करने का प्रयास भी कर रही है लेकिन बकाया वसूली के लिए बचे 45 शेष दिनों में यदि विभाग को पूरा राशि वसूल करना होगा तो प्रत्येक दिन लगभग 10 करोड़ रुपए की वसूली करनी होगी। तब जाकर 436 करोड़ का बकाया राशि वसूल किया जा सकेगा, जो लगभग नामुमकिन के करीब है। फिर भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी लगातार बकायादारों की फेरिस्त लेकर प्रत्येक जोन में फेरी मार रहे हैं और अधिक से अधिक बकाया राशि वसूलने का काम कर रहे हैं बताया जाता है कि शहर में ही 18 हजार बकायादार हैं इन बकायादारों से वसूली के लिए शहर में ही 15 से अधिक टीम काम कर रही है और प्रतिदिन लाखों रुपए वसूली का काम भी कर रही है लेकिन यह लाखों की वसूली ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। यदि विभाग को अधिक से अधिक वसूली कर टारगेट को पूरा करने में सफलता मिलती है तब जाकर बकाया वसूली में सफलता मिलेगी अन्यथा टारगेट को पूरा कर पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

### लाईन विच्छेदन का हो रहा काम

जिले में बकाया वसूली के लिए टीम गठित की गई है। शहर के तीनों जोन में डेढ़ दर्ज से अधिक बकाया वसूली कर रही है। इस महीने अब तक शहर में ही कुल 15 करोड़ का राजस्व वसूल किया गया है। जिनके द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है उनका लाईन विच्छेद किया जा रहा है।

- **रोशनलाल वर्मा,** डीई वितरण विभाग कोरबा शहर

### मुख्य परीक्षाओं के लिए किया गया गोपनीय सामग्री का होगा वितरण

**कोरबा।** छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्री वितरण के जारी निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के समस्त केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया है कि सभी आगामी 16 फरवरी को प्रातः 10 बजे समन्वय संस्था सेजेस कन्या साडा में उपस्थित होकर गोपनीय परीक्षा सामग्री प्राप्त करना सुनिश्चित करें। सामग्री प्राप्त करने के तुरंत बाद उसे संबंधित थाना या चौकी में सुरक्षित जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में समय-सीमा और गोपनीयता का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि मुख्य परीक्षाओं का संचालन सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

**खबर संक्षेप**

### धारदार हथियार से वार युवक घायल

**बिलासपुर।** पुराने विवाद को लेकर एक युवक के साथ रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार की रात करीब 10 बजे की है। गनियारी के चक्राकुंड मोड़ के पास हुई वारदात में युवक घायल हो गया। युवक ने कोटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कोटा क्षेत्र के ग्राम घोंघाडीह में रहने वाले इंद्रजीत खांडे (26) ड्राइवर है। गुरूवार की रात करीब नौ बजे वह टाटा मैजिक से सेट्रिंग की बल्ली ग्राम लोखंडी में छोड़कर अपने घर घोंघाडीह लौट रहा था। गनियारी के चक्राकुंड मोड़ के पास चौक के पास पहुंचा ही था कि गांव में रहने वाले शनि श्रीवास और अन्य साथी वहां पहुंचे। सभी ने इंद्रजीत को रोककर पुरानी रंजिश पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद शनि श्रीवास ने भरी हुई बियर की बोतल से हमला कर दिया। उसके साथियों ने धारदार हथियार और सीमेंट के खंभे के टुकड़े से मारपीट की। मारपीट से घायल युवक ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया,इलाज के बाद इंद्रजीत ने घटना की शिकायत कोटा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### एसआई की कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** सिविल लाइन थाने में पदस्थ एसआइ ओपी कुर्रे गुरुवार की दोपहर ड्यूटी पर जा रहे थे।



इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इसके बाद वह एसआई से ही उलझता रहा, एसआइ ने घटना की शिकायत तारबाहर थाने में की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। मोपका के गार्डन सिटी में रहने वाले ओपी कुर्रे सिविल लाइन थाने में एसआई के पद पर पदस्थ है। एसआइ ने बताया कि वे गुरुवार की दोपहर अपनी कार से ड्यूटी पर जा रहे थे। कार पर उनकी पत्नी स्नेहलता भी थी। दोपहर करीब 3.30 बजे वे टैगोर चौक के पास पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार बुलेट के चालक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जब एसआइ ने युवक को ठीक से गाड़ी चलाने के लिए कहा तो वह हुज्जतबाजी करने लगा। तब तक तारबाहर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शुभम राय निवासी यदुनंदन नगर तिफरा बताया। एसआइ ने पूरे मामले की शिकायत तारबाहर थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के रिजल्ट देर रात जारी

# बार एसोसिएशन के रजनीश बने अध्यक्ष, गौतम उपाध्यक्ष और अनिल सचिव पद पर निर्वाचित



नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के रजनीश अध्यक्ष।



उपाध्यक्ष गौतम खेत्रपाल को बधाई देते साथी अधिवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर खड़े कुल सात उम्मीदवारों में से उन्हें सबसे अधिक मत मिले।

■ 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग

इसी तरह उपाध्यक्ष (पुरुष पद) पर गौतम खेत्रपाल की जीत हुई है। उपाध्यक्ष (महिला पद) पर श्रीमती मांडवी भारद्वाज निर्वाचित हुईं हैं। सचिव पद अनिल त्रिपाठी और सहसचिव (पुरुष पद) पर विजय कुमार साहू जीते हैं। सहसचिव (महिला पद) पर आस्था शुक्ला को जीत मिली है। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर आशापुरन सिंह भाटिया विजयी हुईं हैं। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के 2026-2028 के लिए दो वर्षीय कार्यकाल के लिए गुरुवार 12 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ था। चुनाव में अधिवक्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए भारी संख्या में मतदान किया। एसोसिएशन के कुल 1418 पंजीकृत मतदाताओं में से 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह कुल मतदान प्रतिशत 85.54 फीसदी रहा। शुक्रवार 13 फरवरी की सुबह 10 बजे से काउंटिंग शुरू की गई। इसके लिए दिन भर गहमागहमी रही और कई बार उतार चढाव देखने को मिला। देर शाम नतीजे पदवार जारी किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों के रिजल्ट सबसे पहले जारी हुए। अध्यक्ष पद की घोषणा सबसे अंत में रात 10 बजे के करीब हुई।

### 17 पदों के लिए 61 उम्मीदवार थे मैदान में

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाईकोर्ट में नियमित प्रैक्टिस करने वाले वकीलों ने विशेष रुचि दिखाई है। चुनाव में 17 पदों के लिए कुल 61 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। सबसे अधिक गहमागहमी अध्यक्ष पद को लेकर देखी गई। इसके लिए सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल और रजनीश सिंह बघेल के बीच मुकाबला था। इसमें अंत में रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी।

### यह भी हुए निर्वाचित

ग्रंथालय सचिव के पद पर राहुल कुमार मिश्रा को जीत मिली है। क्रीड़ा और सांस्कृतिक सचिव (पुरुष पद ) पर अमन पांडे और महिला पद पर प्रज्ञा पांडे जीते हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में सबसे अधिक वोट अभिषेक पांडे को मिला। इसके साथ ही त्रिवेणी शंकर साहू, आशुतोष मिश्रा, शरद मिश्रा, उज्जवल चौबे निर्वाचित हुए। महिला वर्ग में दीप्ती तिवारी और लक्ष्मीन कश्यप जीते हैं।

### उपाध्यक्ष पर गौतम की एकतरफा जीत

उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) पद के लिए दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे और शशिकांत सोनकर चुनाव मैदान में थे। इसमें गौतम खेत्रपाल को 500 से अधिक वोट मिला और उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए भी मांडवी भारद्वाज को जीत मिली है। सचिव पद पर अनिल त्रिपाठी को भारी मतों से जीत मिली है।

# नौकरी देने के नाम पर युवतियों को बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दूरस्थ अंचल की युवतियों को नौकरी और अच्छी जिंदगी का सपना दिखा मार्केटिंग कंपनी वालों ने शहर बुलवा लिया। ट्रेनिंग के नाम पर उनसे रुपये लेकर मार्केटिंग के काम पर लगाया। युवतियों ने उनसे काम के रूपये मांगे,कंपनी वालों ने परेशान करना शुरू कर दिया। साथ ही युवतियों के मोबाइल तक छीन लिया गया। एक युवती ने किसी तरह अपने घर में इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने छह युवतियों को कंपनी से जुड़े लोगों के चंगुल से छुड़ाकर घर भेज दिया है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ पुलिस ने युवतियों को छुड़ाया

कोरबा जिले के पसान क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारीसानी में रहने वाली कमला श्याम(42) ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी शशि श्याम नौकरी की तलाश में बिलासपुर आई थी। शशि ने बुधवार को उनके मोबाइल पर काल कर बताया कि कंपनी वालों ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस दौरान उनकी बेटी रो रही थी। इसके बाद वह अपने दामाद को लेकर शहर पहुंची। वह सिरगिट्टी क्षेत्र में अपनी बेटी की तलाश कर रही थीं। गुरुवार की सुबह उनकी बेटी ने मोबाइल पर अपना लोकेशन भेजा। महिला अपने दामाद को लेकर सिरगिट्टी थाने पहुंची और पुलिस को अपनी आपबीती बताई। पुलिस ने दोनों को लेकर मौके पर पहुंची। वहां पर शशि के साथ ही अन्य युवतियां भी थीं। 6 युवतियों को लेकर पुलिस की टीम थाने पहुंची। थाने में पूछताछ करने पर युवतियों ने बताया कि उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग जगहों से बुलवाया गया था। यहां पर ट्रेनिंग के नाम पर हर युवती से 19 हजार 500 वसूले गए। इसके बाद उन्हें कुछ सामान देकर मार्केटिंग करने कहा गया। हर सामान बेचने पर कमीशन देने की बात कही गई। जब युवतियों ने सरकारी नौकरी की बात कही तो उनका मोबाइल छीन लिया गया। युवतियों की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### की जा रही जांच

बंधक जैसी बात अभी सामने नहीं आई है। लड़की ने कंपनी को नौकरी करने के लिए कुछ रूपए दिया था, लेकिन आपस में किसी बात को लेकर उलझ गए थे। पुलिस अभी मामले की जांच रही है।

-किशोर केंवट, टीआई, सिरगिट्टी

## रतनपुर में केमिकल से भरा कंटेनर पलटा

**बिलासपुर।** रतनपुर के पास मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक का कंटेनर पलट गया। हादसा में तेजरफ्तार ट्रक सड़क से नीचे पेड़ से टकराते ही शोल्डर पर ही ढेर हो गया। जिससे आसपास अफरा तफरी मच गई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है लेकिन ट्रक के ड्राइवर को चोट आई है जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि बिलासपुर से पेंड्रा जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 12 एयू 2454 का कंटेनर अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गया, हादसा रतनपुर के क्षेत्र के अंतर्गत लालपुर का है। हादसे में ट्रक का ड्राइवर घायल हो गया, जिससे आसपास के



लोगों की मदद से निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। इस दौरान उसके साथ के लोगों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत स्थिर है।

बताया जा रहा है कि कंटेनर में केमिकल भरा पड़ा है, जिससे अनहोनी की आशंका बनी हुई थी हालांकि पुलिस ने पहुंच कर लोगों को हटाया है।

# 17 किलो गांजा सहित पकड़ा गया तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आरपीएफ की टीम ने पेट्रोलिंग के दौरान गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ा है, जिसके पास से 17 किलो से अधिक गांजा जब्त करने के बाद पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया है।

आपरेशन नारकोस के तहत रेलवे सुरक्षा बल टीम जोनल के सभी स्टेशन के साथ हावड़ा-मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेन पर लगातार पेट्रोलिंग व निगरानी कर रही है। इसके तहत प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक एलएन सिंह, प्रधान आरक्षक वीसी बंजारे, आरक्षक व्हीके सिन्हा, देवेश सिंह, परवेज अली ने पेट्रोलिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। गजनेर कानपुर देहात उत्तरप्रदेश निवासी राघवेन्द्र सिंह पिता नेत्रपाल सिंह 22 वर्ष और हरदुआगंज



आरपीएफ के हिरासत में आरोपी।

अलीगढ़ उत्तरप्रदेश निवासी झम्मन सिंह पिता महावीर सिंह 44 वर्ष के पास रखे बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 17 किलो 949 ग्राम कीमत 8 लाख 97 हजार 450 रुपए के गांजा रखे हुए थे। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गांजा बस के माध्यम से रायगढ़ा ओडिशा से लेकर आए हैं, जिसे लेकर व कानपुर उत्तरप्रदेश जा रहे थे। आरपीएफ ने पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों के पास से गांजा जब्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# चोरों ने ताला तोड़कर माल किया पार

**बिलासपुर।** चकरभाठा थाना क्षेत्र के यातायात नगर आवासपारा परसदा में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी, चांदी के जेवर और एलईडी टीवी पार कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत चकरभाठा थाने में की है। पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चकरभाठा क्षेत्र के यातायात नगर आवासपारा परसदा में रहने वाले नरेंद्र वर्मा (28) जेमोटो में फूड डिलीवरी का काम करता है। 7 फरवरी की सुबह करीब 10.30 बजे अपने घर में ताला लगाकर पत्नी हेमा वर्मा और बच्चे के साथ मामा के घर हिंसापुर, जिला मुंगेली चला गया था। अगले दिन 8 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे पड़ोसी दीपक सतनामी ने फोन कर बताया कि घर का सामने का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलते ही नरेंद्र वर्मा परिवार के साथ अपने घर पहुंचा। इस दौरान घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर आलमारी का लॉकर खुला मिला और कपड़े व अन्य सामान बिखरे थे। आलमारी में रखी एक नग चांदी की अंगूठी, दो जोड़ी बिछिया और 5 हजार रुपये गायब थे। इसके अलावा बेडरूम की दीवार पर लगा एलईडी टीवी भी चोरी हो चुका था। पीड़ित ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने चकरभाठा थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### स्वरोजगार मेला 19 से

**बिलासपुर।** जिले के युवाओं, उद्यमियों एवं स्वरोजगार के इच्छुक नागरिकों के लिए दो दिवसीय जिला स्तरीय स्वरोजगार मेला का आयोजन 19 एवं 20 फरवरी को सवेरे 10 बजे से देवकीनंदन दीक्षित सभागार लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में किया जा रहा है। इस मेले में राज्य शासन की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा इकाइयों को स्थापना संबंधी जानकारी दी जाएगी।

### ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**बिश्रामपुर।** अपनी छोटी बहन को स्कूल लेने जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई है जिससे अपने घर का इकलौता चिराग बुझ गया,गौरतलब है कि ग्राम कुंजनगर निवासी संतोष सोंधीया का इकलौता 20 वर्षीय पुत्र प्रवीण सोंधीया शुक्रवार की शाम स्कूल छुट्टी होने पर अपनी छोटी बहन पायल को लेने अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीआर 8792 में जयनगर स्वामी आत्मानंद स्कूल जा रहा था,तभी एनएच 43 पर ग्राम जयनगर में इस्लाम खान के घर के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5557 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है।

### अवैध रूप से संचालित भट्टों से 30 लाख ईंट जब्त

**वाड्रफनगर।** जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। बिना अनुमति संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई से जिलेभर में हड़कंप मच गया है। इस बीच शुक्रवार को एक बार फिर से वाड्रफगनर और रघुनाथनगर क्षेत्र में 30 लाख अवैध ईंट जब्त किए गए है। बता दें कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार राजस्व एवं संयुक्त टीम के द्वारा जिले में अवैध ईंट भट्ठों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा के नेतृत्व में राजस्व एवं संयुक्त टीम ने ग्राम रामनगर एवं पंडरी में संचालित अवैध ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर एवं तहसीलदार वाड्रफनगर की संयुक्त टीम द्वारा 12 ईंट भट्ठों से लगभग 22 लाख अवैध रूप से निर्मित ईंट जब्त किया गया।

# सरपंच सचिव मिलकर डकार गए सामुदायिक भवन की राशि

**सीतापुर।** सामुदायिक भवन निर्माण हेतु पूर्व विधायक द्वारा मुस्लिम समाज को दी गई राशि सरपंच सचिव ने मिलकर गबन कर लिया। सरपंच सचिव ने सालों पहले सामुदायिक भवन निर्माण की आड़ में लाखों रुपए आहरण कर लिया और अब तक निर्माण कार्य शुरू नही कराया। सरपंच ने दो लाख रुपए के आहरण की बात भी स्वीकार की है। सालों पहले राशि आहरण के बाद भी काम शुरु नही होने से नाराज मुस्लिम समाज ने सरपंच सचिव पर राशि गबन का आरोप लगाया है। इस संबंध में मुस्लिम समाज ने सीईओ को ज्ञापन सौंप जांच की मांग की है।

■ दो साल पहले आहरित की 2 लाख रुपए की राशि, निर्माण नहीं हुआ शुरू

प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पेंट के मुस्लिम समाज की मांग पर दो साल पूर्व तात्कालिक विधायक अमरजीत भगत द्वारा विधायक मद से सामुदायिक भवन निर्माण हेतु दो लाख साठ हजार रुपए दिए गए थे। सामुदायिक भवन निर्माण हेतु तात्कालिक विधायक द्वारा दी गई राशि स्वीकृत होकर ग्राम पंचायत के खाते में आ गई थी। ग्राम पंचायत के खाते में आते हो सरपंच सचिव द्वारा दो लाख रुपये आहरण कर लिया गया। इस बीच विधानसभा चुनाव सामने आ गया और चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई जिसकी वजह से पैसा आहरण के बाद भी सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया जा सका। विधानसभा चुनाव होने के बाद अधिसूचना भी हटा दी गई और चुनाव बीते दो साल से ज्यादा समय हो गये।इसके बाद भी सरपंच द्वारा सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। मुस्लिम समाज द्वारा पूछताछ करने पर सरपंच सचिव गोल मोल जवाब दे रहे थे। दो साल बीत जाने के बाद भी सरपंच द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं करने से मुस्लिम समाज में असंतोष व्याप्त था।उ न्होंने ग्राम पंचायत में बैठक के दौरान सरपंच सचिव से सामुदायिक भवन निर्माण से जुड़ी जानकारी और आय व्यय का ब्यौरा मांगा। मुस्लिम समाज द्वारा जानकारी मांगते ही सालों पहले लाखों रुपए की हेराफेरी करने वाले सरपंच सचिव को मानो सांप सूंघ गया। आखिरकार सरपंच ने बैठक के दौरान निर्माण कार्य की आड़ में दो लाख रुपए आहरण करने की बात स्वीकारी। सरपंच द्वारा राशि आहरण की बात सुन मुस्लिम समाज ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सरपंच सचिव पर सामुदायिक भवन निर्माण की राशि गबन करने का आरोप लगा सीईओ जनपद पंचायत को ज्ञापन सौंप जांच की मांग की है। इस संबंध में इस्लामिया अंजुमन कमेटी पेंट के सदर जाकिर खान ने कहा कि सरपंच द्वारा पैसा आहरण करने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं कराना भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।सरपंच सचिव ने मिलकर लाखों रुपये का गबन किया है। जिसके विरुद्ध सीईओ जनपद पंचायत मैनपाट को ज्ञापन सौंप जांच की मांग की गई है।

# रूपए डबल करने का झांसा, युवक ने गंवाए 6 लाख

**बिलासपुर।** फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी में रूपए लगाने के नाम पर जांजगीर के युवक से ठगी का मामला सामने आया है। सिविल लाइन पुलिस ने युवक की शिकायत पर एक महिला सहित दो आरोपियों पर जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कुछ ही महीने में मार्केट से रूपए डबल करने का झांसा देकर युवक से ठगी की गई है। पुलिस के अनुसार जांजगीर का रहने वाले अनिल कुमार पांडेय पिता घनश्याम प्रसाद पांडेय ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि कवर्धा निवासी झमिया यादव व चेतन पटेल से उसकी मुलाकात कार्यक्रम के दौरान हुई थी। दोनों ने बताया था कि मार्केट में काम करते हुए लाखों रूपए कमा चुके हैं। दोनों ने फोरेक्स ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से मार्केट में पैसा लगाने का झांसा दिया और एक साल में रूपए डबल करते हुए करीब 6 लाख 5 हजार रूपए की ठगी को अंजाम दिया है।

### फोन पे पर युवक ने किया था ट्रांसफर

जहां झमिया यादव और चेतन पटेल रूपए डबल करने का झांसा देकर 1 लाख पचास हजार रूपए नगद ले लिया। वहीं 70 हजार रूपए झारिया के खाते में ट्रांसफर कराया गया। इसके बाद लगातार 7 अगस्त को 80 हजार रूपये, 16 अगस्त को 45 हजार रूपये, 29 सितम्बर को 80 हजार रूपये, 3 अक्टूबर को 80हजार रूपये, 16 अक्टूबर को 1 लाख रूपये दोनों के खाते में डलवाया गया। 7 किश्तों में दोनों आरोपी को 4 लाख 55 हजार रूपए फोन पे के माध्यम से युवक ने ट्रांसफर किया।

### माल में बुलाया था मिलने

युवक ने बताया कि उसे 6 अगस्त को दोनों मैग्नोटो माल में मिलने के लिए बुलाया गया, जहां वह अपने दोस्त बालकृष्ण यादव एवं संजय चौहान के साथ पहुंचा। इस दौरान युवक को हर माह 50 हजार रूपए देने की बात आरोपियों ने की थी। लेकिन 2 से 3 हजार रूपए ही युवक को देते रहे और एक समय के बाद अपना फोन बंद कर दिया।

# सड़क के साथ ही कराया जाएगा एनएच पर नाली का निर्माण

**राजपुर।** नगर के बीच रास्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे नाली निर्माण के दौरान उसकी उंचाई को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। एसडीएम देवेंद्र प्रधान, एनएच एसडीओ निखिल लकड़ा, थानाप्रभारी भारद्वाज सिंह, ठेकेदार सहित नागरिकों की संयुक्त बैठक में नाली निर्माण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में नगर वासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में राजपुर में हो रहे नाली निर्माण को लेकर भारी विरोध जताया।

■ उंचाई को लेकर चल रहा है विवाद, अधिकारियों की मौजूदगी में हुई संयुक्त बैठक

नगर वासियों की एक ही मांग थी की नाली को कम से कम 2 फीट नीचे किया जाए ताकि आम जनों को परेशानी ना हो। उन्होंने नाली निर्माण की ऊंचाई को लेकर विरोध जताते हुए कहा कि नाली निर्माण की ऊंचाई से न केवल हमारी व्यवसाय प्रभावित हो रहा है बल्कि ना तो हम घरों से निकल सकते हैं



नहीं अपने वाहनों को खड़ा कर सकते हैं। नगर वासियों का कहना था कि शासन प्रशासन नगर वासियों के सुविधा के लिए सड़क एवं नाली का निर्माण करते हैं परंतु इस नाली निर्माण से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बैठक में काफी वाद विवाद के बाद अंत मे यह निष्कर्ष निकाला गया कि नगर वासियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान सड़क पर ही नाली का निर्माण कराया जाए ताकि सड़क भी बन जाये और नाली की ऊँचाई भी कम रहे। सड़क की उंचाई नहीं बढ़ाई जाए और वर्तमान सड़क पर ही नाली का निर्माण कराया जाए ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। बैठक पश्चात नगर के नागरिकों ने यह निर्णय लिया गया कि नाली के उंचाई कम करने हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह अगुवाई में नगरवासियों के हस्ताक्षर युक्त द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजपुर को सौंपा जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धर्म सिंह, पार्षद राजन त्रिपाठी, विश्वास गुप्ता, पूर्व पार्षद पुरनचंद जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सुरेश सोनी, डॉ बीएन द्विवेदी, मनोज अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पंकज गुप्ता, शुभम सोनी, बंटी अम्बष्ट, मानू चौबे, विक्की बंसल, ऋषभ सिंह सहित भाजपा एवं कांग्रेस दोनों दलों के लोग सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 10-10 हजार का अर्थदंड

**अंबिकापुर।** सडक दुर्घटनाओ कों कम करने की दिशा मे डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम मे थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान बजाज पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डी सी 5266 के चालक रायगढ़ के कापू बालक पोड़ी निवासी 35 वर्षीय खेमलाल सिदार आ. ह्रदय साय सिदार एवं एचएफ डीलक्स मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2946 के चालक लुंड्रा गुजरवार निवासी 38 वर्षीय टिकेश्वर बीसी आ. हिरसी केस बीसी की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की गई। जांच के दौरान दोनों चालक शराब के नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर दोनों मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया था।

# मवेशी तस्करी में शामिल वाहन मालिक गिरफ्तार

राजपुर। बरियों पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के अंतर्गत की गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आरा के कुछ लोग झारखंड के तस्करों के साथ मिलकर मवेशियों को बूचड़खाने भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी बरियों उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह स्टाफ के साथ ग्राम आरा सरनापारा पहुंचे, जहां गागर नदी किनारे जंगल के पास एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 एएम 4025 में मवेशियों को लोड करते कुछ लोग दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें चार मवेशी मिले, जिनके पैर और मुंह क्रूरतापूर्वक बंधे थे। ग्रामीणों की मदद से मवेशियों को मुक्त कराया गया। वाहन एवं मवेशियों को गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। विवेचना के दौरान 24 दिसंबर 2025 को चालक झारखंड के रंका मानपुर निवासी 24 वर्षीय तहकीक अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी क्रम में 13 फरवरी को पिकअप वाहन के स्वामी रंका मानपुर निवासी 29 वर्षीय त्रिवेणी प्रजापति को ग्राम ककना स्थित शांति राइस मिल के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में सउनि मुन्नाराम एवं आरक्षक जगनाथ केराम सक्रिय रहे।

## खबर संक्षेप




### प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले सहित प्रदेश के जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**कोरबा।** दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में छग प्रदेश के सभी नव नियुक्त जिला अध्यक्षों ने एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान भी शामिल हुए। श्री राठौर ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया गया कि अतिशीघ्र 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी उसके बाद जिला अध्यक्षों के कामकाज की लगातार निगरानी सीधे तौर पर दिल्ली से होगा। ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि प्रति 3 माह में जिला, ब्लॉक, मंडल, वार्ड एवं बूथ स्तर पर किये गये कार्यक्रम, प्रदर्शन आदि की रिपोर्ट देनी होगी। जिसकी तैयारी शुरु कर दी गई है। प्रशिक्षण कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष सत्र रखे गये थे। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वन टू वन चर्चा भी किया। प्रशिक्षण शिविर में जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, प्रदेश सह प्रभारी जरिता लैतफ्लांग, जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर, ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान व कांग्रेसी सहित अन्य अनुषंगी संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अधिवक्ता पहुंचे सिविल...

बाद शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप, सचिव नूतन सिंह ठाकुर सहित विभिन्न पदाधिकारी व अधिवक्ता ने मामले को लेकर सिविल लाईन थाना पहुंचे थे जहां जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप ने मुकेश भारती के खिलाफ लिखित में शिकायत की है जिसपर सिविल लाईन पुलिस ने तथाकथित पत्रकार मुकेश के खिलाफ धारा 296, 308(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

कलेक्टर ने होली के दौरान पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने दिए निर्देश

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखकर मॉडल वार्ड बनाएं : कुणाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नगरीय निकायों की विभागीय समीक्षा बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए और प्रत्येक वार्ड को मॉडल वार्ड के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल उपलब्धता की विशेष तैयारी अभी से सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी निकाय में गर्मी के दौरान पानी की समस्या उत्पन्न न हो। बैठक में कलेक्टर ने प्रत्येक वार्ड में पानी की मांग के


बैठक लेते कलेक्टर।

अनुरूप टैंकर की उपलब्धता, आवश्यकता अनुसार बोर निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने तथा बारिश से पूर्व पानी टंकियों की पूर्ण सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। इसी के साथ उन्होंने सीवरेज लाइन की समुचित सफाई और नियमित निरीक्षण की आवश्यकता बताई। कलेक्टर दुदावत ने नगरीय निकायों में समेकित कर एवं संपत्ति कर वसूली को बढ़ाने हेतु ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी होली पर्व को ध्यान रखते हुए वार्डों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और त्यौहार के दौरान विशेष स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इस दौरान हर वार्ड में टीमों की विशेष तैनाती और सक्रियता आवश्यक है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता सुधार पर जोर देते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह वार्डों का निरीक्षण करने, सफाई व्यवस्था व्यवस्थित रखने और नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने वार्डों में स्वच्छता के लिए विशेष कैंपेन चलाने तथा अध्यक्ष, पार्षदों सहित जनप्रतिनिधियों को इसमें सक्रिय रूप से शामिल करने के निर्देश दिए।

# पीजी कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से वनस्पति शास्त्र विभाग पीजी कॉलेज के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पौधों की पहचान का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों पक्षों से अवगत कराना, उनके शोध कौशल का विकास करना तथा जैव-विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी का मार्गदर्शन, प्रेरणा एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने कार्यशाला को उच्च स्तरीय अकादमिक आयाम प्रदान किया। इस अवसर पर अनुराग द्विवेदी ने



अपने गहन शोध अनुभव, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं विषय की व्यापक जानकारी के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया, बल्कि व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया। उनके प्रभावशाली व्याख्यान एवं सरल, संवादात्मक प्रस्तुति शैली ने विद्यार्थियों में विषय के प्रति नवीन जिज्ञासा और अनुसंधान भावना को जागृत किया। इस दौरान डॉ संदीप शुक्ला, सुशील अग्रवाल सहित अध्यापक, विद्यार्थी एवं महाविद्यालय परिवार के कर्मचारियों का योगदान रहा।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला संपन्न

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय में शासकीय मॉडल आईटीआई, कोनी, बिलासपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर-तकनीकी लगभग 3 हजार से अधिक पदों पर चयन हेतु कंपनियों द्वारा साक्षात्कार लिया गया।

### राजस्व मामले में नोटिस

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०) जिला कोरबा तहसील कोरबा प.ह.न. 00028 कटबितला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD202526550107600001

पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार संतकुमार पिता/पति-पिता स्व. डमरु पता-निवासी काश्तकारी निवासी कटबितला तह० व जिला कोरबा अनावेदक पक्षकार चमरू पिता/पति-पुत्र तिलकराम पता-सा. देह

भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है

तहसील कोरबा के प.ह.न. 00028 के अंतर्गत ग्राम कटबितला के भूमिस्वामी चमरू पिता/पति-पुत्र तिलकराम पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 54/1 (0.5060), 66/5(0.0120), 68/2 (0.0200), 70/3 (0.1010), 73/5 (0.0610), 96 (0.2020), 97/1 (0.2870), 97/2 (0.0890), 115 (0.0890), 141/2(0.0650), 146/2 (0.0320), 162/2 (0.2020), 178/2 (0.0280), 209/4 (0.0240), 210/1 (0.0200), 211/1 (0.0570), 263/2 (0.0320), 374 (0.1980), 401 (0.1620), 422/1 (0.1380), 425/3 (0.0970), 431/2 (0.0890), 436/1 (0.1620), 440/2 (0.1380), 464/1 (0.1010), 486 (0.1420), 488/1 (0.1580), 520/1 (0.0770), 523/1 (0.2100), 562/1/ग (0.4050), 566/12 (0.0360), 566/25 (0.3240), 566/28 (0.5020), 607/2 (0.0650), 611 (0.3480), 612/2 (0.0650), 612/3 (0.0650), 612/4 (0.0650), 612/5 (0.0280), 613 (0.0610), 614/1 (0.0650), 615 (0.0490), 616 (0.0320), 617/1 (0.1050). 617/3 (0.0450), 632/2 (0.0400), 635/8 (0.4940), 682/5 (0.1700), 682/10 (0.0890) में नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०) पर की जावेगी।

आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथिके पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं / अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

नोटिस दिनांक 27/01/2026

राजस्व अधिकारी
VISHNU PRASAD PAIKRA
अतिरिक्त तहसीलदार कोरबा (छ.ग.)

# अंकिता ने अंतरराष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम में दी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पचमढ़ी स्थित राष्ट्रीय साहसिक संस्थान में आयोजित 27वें अंतरराष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम में जिले की युवा लीडर अंकिता सामल ने भागीदारी की।

पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम में देश एवं विदेश से 155 प्रतिभागियों ने भाग लिया। रोमांच से भरपूर फन- बेस्ड साहसिक कार्यक्रम में राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ से तीन युवा लीडर्स अंकिता सामल, मुस्कान मैत्री, दीपक



सिंह की भागीदारी हुई। प्रतिभागियों ने स्काई डाइविंग, ज़पिलाइनिंग, वैली क्रॉसिंग, हैंगिंग ब्रिज, जेट स्कीइंग एवं पैरासेलिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, टीमवर्क, साहस एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा। प्रतिभागियों ने न केवल रोमांच का अनुभव किया, बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का भी अवसर प्राप्त किया। यह अंतरराष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण जीवन की चुनौतियों का सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है। इस दौरान पचमढ़ी के धार्मिक महत्व वाले स्थलों का भी भ्रमण किया गया। कैम्प फायर के माध्यम से राज्य के प्रतिभागियें ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया। अंतरराष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम के लीडर ऑफ प्रोग्राम एसएस रे थे।

### शासकीय महाविद्यालय दीपका में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का हुआ गठन

**कोरबा।** जिले के युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने हेतु गुरुवार को सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह की उपस्थिति में शासकीय महाविद्यालय दीपका में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण और मतदान के महत्व को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक युवा को एक जागरूक मतदाता के रूप में अपना नाम पंजीकृत कराना चाहिए, ताकि वे लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के गठन के उद्देश्यों को बताया।

## कोरबा मार्केट












## खबर संक्षेप

### नया लेबर कोड मजदूर विरोधी, श्रमिक हितों की अनदेखी : पोषक

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर के सांसद प्रतिनिधि पोषक महंत ने केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए लेबर कोड की कड़ी आलोचना करते हुए इसे मजदूर विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि नई श्रम नीतियाँ श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करती हैं तथा मजदूरों के शोषण को प्रोत्साहित करती हैं। पोषक महंत ने कहा कि सरकार की नीतियाँ श्रमिक वर्ग की सुरक्षा, वेतन, कार्य-घंटों और सामाजिक सुरक्षा जैसे मूलभूत अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान व्यवस्था पूंजीपतियों को अधिक लाभ पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रही है, जिससे भारतीय समाज में आर्थिक और सामाजिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में मजदूरों की महत्वपूर्ण भूमिका है और उनके हितों की अनदेखी किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पोषक महंत ने सरकार से मांग की है कि लेबर कोड की विवादित धाराओं की पुनः समीक्षा कर श्रमिक संगठनों से व्यापक चर्चा की जाए तथा मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक संशोधन किए जाएं। अंत में उन्होंने कहा कि यदि श्रमिकों के अधिकारों की अनदेखी जारी रही तो व्यापक जनआंदोलन की स्थिति निर्मित हो सकती है। मजदूरों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

### 15 ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 9 से 18 फरवरी तक वजन उत्सव अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 15 ब्लॉक स्थित एसईसीएल कॉलोनी वार्ड क्रमांक 15 के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए विशेष वजन उत्सव शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्र के सभी बच्चों का एक-एक कर इलेक्ट्रॉनिक मशीन से वजन तथा ऊंचाई मापी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक विकास की नियमित निगरानी करना एवं कुपोषण की रोकथाम सुनिश्चित करना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अभिभावकों को बच्चों का नियमित वजन कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार देने तथा स्वच्छता के महत्व के संबंध में जानकारी दी। साथ ही गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को भी पोषण संबंधी आवश्यक सुझाव प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उमा राय एवं मालती सारथी, सहयोगी कार्यकर्ता पूर्णिमा सिंह, मितानिन उर्मिला चौधरी एवं अनिता यादव, आंगनबाड़ी सहायिका सुशीला सारथी व निर्मला चौधरी ननका हितग्राही सपना राणा, पुष्पा साहू, रजनी सूर्यवंशी, तुलसी ठाकुर, नीलम, रवीना साहू, उपासना साहू, आराधना, प्रिंस और अशोक तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने सरकार के फैसले पर जताया आभार

**बरपाली।** छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को होली से पहले उनके द्वारा बेचे गए धान के बोनस की राशि को एक मुश्त देने का फैसला किया है जिससे राज्य के किसानों में भारी हर्ष व्याप्त है। भाजपा किसान मोर्चा द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के इस किसान हितैषी निर्णय का स्वागत करते हुए सरकार का आभार जताया । इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बरपाली निवासी किशन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के समर्थन मूल्य व खरीदी के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड रुपए का भुगतान किसानों को होली त्योहार से पहले एक मुश्त किया जाएगा। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के समस्त पंजीकृत किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के दर से की जा रही है जो पूरे भारतवर्ष में सर्वाधिक है। इस निर्णय से प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ-साथ उत्सव व उल्लास बढ़ेगा।

### चैतमा में मनाई गई महाराजा गुहा निषाद राज की जयंती

**चैतमा।** महाराजा गुहा निषाद राज की जयंती चैतमा में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें निषाद केंवट समाज द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र एवं माता सीता और महाराजा गुहा निषाद राज के पूजा अर्चना कर झांकी निकाल कर गांव में भ्रमण कर अपने सामाजिक भवन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत कैवर्त्य द्वारा अपने उदबोधन में समाज को संगठित रहने बच्चों को उचित शिक्षा ग्रहण कराने एवं समाज को नसे से मुक्त रहने का अहवान किया गया उन्होंने महाराजा निषाद राज को बताया कि निषाद राज कोई साधारण व्यक्ति नहीं वे एक राजा थे जिन्होंने पूरे निषाद सामाज का उद्धार किया। वनवास के समय रामचंद्र को अपने डोंगा से नदी पार करा कर पूरे निषाद समाज को गौरवान्वित किया है। जिससे हमारा समाज उनके बताए मार्ग पर चलते आ रहे है और उनके बताए हुए मार्ग को याद रखने के लिए महाराजा गुहा निषाद राज की जयंती हर वर्ष मनाते हैं। कार्यक्रम में अमर नाथ कैवर्त्य, डा. रामकुमार कैवर्त्य, किसन कैवर्त्य, अजीत कैवर्त्य, पूनम कैवर्त्य, माधुरी कैवर्त्य, कार्तिक राम कैवर्त्य, लता कैवर्त्य, प्रेरणा कैवर्त्य, बोधराम कैवर्त्य, बिहारी लाल, राकेश कैवर्त्य, रनसाय कैवर्त्य, लक्ष्मी कैवर्त्य सुरेश कैवर्त्य, सुनील कैवर्त्य सहित ईकाइ मादन, सलोरा, दीपका, बिसनपुर, छुरी के पदाधिकारीगण व चैतमा के सरपंच, उपसरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई फाल के समीप हाईवे पर हादसा

# ओवरटेक करने के चक्कर में दो वाहनों में भिड़ंत कार में सवार दो लोगों की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ़्तार अल्टो कार में सवार चार लोग मेहमानी से वापस अपने घर लौट रहे थे कि तेज रफ्तार कार ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रही दूसरी वाहन से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और इस सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक की खोजबीन शुरू की जा रही है।


दुर्घटनाग्रस्त कार।

जानकारी के अनुसार मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शर्मा निवासी धनपत यादव 42 वर्ष पिता रघुनंदन यादव, इंद्रजीत गोड़ उम्र 43 वर्ष पिता प्रताप सिंह नेटी, पप्पू पटेल और उदयपाल गोड़ चारों ऑल्टो र क्रमांक सीजी 12 एएल 4778 में सवार होकर ग्राम पुटा धनपत यादव की बहन शकुंतला के घर गए हुए थे। जहां शकुंतला के पुत्र पुत्री के शादी की बातचीत चल रही थी, इसी को लेकर सभी लोग शकुंतला के घर ग्राम कोटा गए हुए थे। जहां रात 10 बजे चारों लोग ऑल्टो कार में सवार होकर ग्राम पुटा से अपने गृहग्राम शर्मा लौट रहे थे कि मोरगा का चौकी क्षेत्र अंतर्गत केंदई फॉल झरना के समीप हाईवे पर पहुंचे थे कि ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन ने ऑल्टो कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। हादसा इतनी जबरजस्त थी कि कार में सवार धनपत यादव और इंद्रजीत गोंड़ की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदय पाल और पप्पू पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरू कर दी है।

#### हाईवे में लगातार हो रहे हैं हादसे

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्यमार्ग का निर्माण जब से हुआ है तब से रोड चकाचक होने की वजह से इस मार्ग में गुजरने वाले लोग अपने वाहनों से हवा से बात करते हैं और जरा सी चूक होते ही भीषण हादसे होते हैं। इस मार्ग में बीचो-बीच डिवाइडर नहीं है जिसकी वजह से ओवरटेक करने के चक्कर में ही हादसे होते हैं और लोगों की मौतें होती हैं। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा इस मार्ग में हो रहे हादसों को रोकने के लिए कई बार तरह-तरह के उपाय किये जा चुके हैं लेकिन सारे उपाय फेल हो रहे हैं। बताया जाता है कि जब तक इस मार्ग में डिवाइडर नहीं बन जाते तब तक ऐसे हादसे होते रहेंगे और लोग कलकवलित होते रहेंगे। प्रशासन को इस मार्ग में डिवाइडर बनाने की दिशा पर ठोस पहल करनी चाहिए ताकि इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

# उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का प्रभावी माध्यम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा भी लगातार उर्जाधानी के विभिन्न ग्राम पंचायत मे ग्रामीणो को उपभोक्ता कानून की जानकारी देते हुए उन्हे उनके अधिकारो से अवगत कराया जा रहा है। इसी क्रम में सात फरवरी को कटघोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत सलोरा में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी। ग्राम पंचायत सलोरा के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियो का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्ष श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना है। उपभोक्ता जागरूकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है।

# हड़ताल में शामिल कोयला कर्मियों की होगी वेतन कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला जगत में चार लेबर कोड के विरोध में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल कोल कर्मियों का डाटा तैयार किया जा रहा है। हड़ताल में शामिल कोयला कर्मियों का वेतन काटने की तैयारी शुरु कर दी गई है। एसईसीएल प्रबंधन ने सभी परिक्षेत्र को हड़ताल में शामिल को ल कर्मियों की सूची मांगी है। प्रबंधन की मानें तो सामान्य दिनों की अपेक्षा 30 प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल में शामिल थे। जिन्हें काम नहीं तो वेतन नहीं के तहत वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।

#### खास बात

- एसईसीएल प्रबंधन ने हड़ताली कर्मचारियों की मांगी सूची, कर्मियों में मचा हड़कंप

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा चार नए लेबर कोड लागू करने के विरोध में 12 फरवरी को राष्ट्रीव्यापी एक दिवसीय कामबंद हड़ताल किया गया था। कोल इंडिया प्रबंधन के निर्देश पर सभी अनुषंगी कंपनियों ने हड़ताल से पूर्व ही नोटिस जारी किया था कि हड़ताल में शामिल होने पर काम नहीं तो वेतन नहीं का नियम लागू होगा। इसके तहत कोल इंडिया प्रबंधन ने हड़ताल को लेकर काम नहीं तो वेतन नहीं का नोटिस जारी किया था। जिले में एसईसीएल की संचालित चारों परिक्षेत्र दीपका, गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा में भी हड़ताल का असर देखने को मिला। 12 फरवरी की सुबह पहली पाली से ही श्रमिक संगठन के नेता हड़ताल को सफल बनाने में जुटे हुए थे। श्रमिक संगठनों की मानें तो हड़ताल शत प्रतिशत तक सफल रहा। वहीं प्रबंधन की मानें तो हड़ताल का केवल आंशिक असर देखने को मिला। सामान्य दिनों की अपेक्षा 30 प्रतिशत कर्मचारी ही हड़ताल में शामिल हुए जिनकी वेतन काटने की तैयारी शुरु कर दी गई है। प्रबंधन ने सभी परिक्षेत्र के जीएम से हड़ताल में शामिल कर्मियों की सूची मांगी है। सूची मिलने के बाद हड़ताली कर्मियों की वेतन में कटौती की जाएगी। वहीं दूसरी ओर एसईसीएल प्रबंधन का कहना है कि कोल इंडिया के सभी अनुषंगी कंपनियों में हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला है। हालांकि एसईसीएल में हड़ताल का व्यापक असर नहीं रहा है। केवल 30 प्रतिशत कर्मचारी ही हड़ताल में शामिल रहे। यही वजह है कि रोजाना की तरह कोयला उत्पादन में 30 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। इसकी अपेक्षा कोल इंडिया के अन्य अनुषंगी कंपनियों में हड़ताल का खासा असर देखने को मिला है। एसईसीएल ही ऐसी कंपनी है जहां हड़ताल का महज 30 प्रतिशत उत्पादन पर असर पड़ा है। जिससे आने वाले दिनों में जल्द पूरा कर लिया जाएगा। प्रबंधन द्वारा हड़ताली कर्मचारियों के वेतन कटौती के निर्णय से हड़ताल में शामिल होने वाले कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

#### हड़ताल से 30 प्रतिशत कम कोयला उत्पादन

एसईसीएल में हड़ताल का ज्यादा असर देखने को नहीं मिला है। एरियावार हड़ताल में शामिल कर्मचारियों की सूची अभी उपलब्ध नहीं हुई है। पूरे एसईसीएल में सामान्य दिनों की अपेक्षा लगभग 30 प्रतिशत कर्मचारी शामिल थे जिनकी वेतन कटौती की जाएगी। हड़ताल की वजह से एसईसीएल की सभी एरिया में महज 30 प्रतिशत कम कोयला उत्पादन किया गया है।

- **डॉ सनिश चंद्र,** पीआरओ एसईसीएल

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने आगे आएं : सरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी की अध्यक्षता में मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में केंद्रीय बजट पर महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने केंद्रीय बजट के प्रमुख प्रावधानों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी घोषणाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

#### खास बातें

- महिलाओं की भागीदारी से सशक्त भारत का आह्वान
- केंद्रीय बजट पर भाजपा महिला मोर्चा का संवाद


महिला आयोग अध्यक्ष का स्वागत करते हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में केंद्रीय बजट 2026-27 एक ऐतिहासिक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है, इसलिए छात्राओं, बहनों और माताओं को आत्मनिर्भर बनाने वाले प्रावधान इस बजट की सबसे बड़ी विशेषता हैं। उन्होंने बजट के प्रमुख प्रावधानों का उल्लेख करते हुए बताया कि रक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में बड़े निवेश से देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, वहीं आयकर में राहत से मध्यम वर्ग को बड़ा संबल मिलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सुश्री ऋतु चौरसिया, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति स्वर्णकार, पार्षद नरेंद्र देवांगन, श्रीमती अशोक बाई कंवर अध्यक्ष, जनपद पंचायत करतला, श्रीमती सोनी कुमारी झा अध्यक्ष, नगर पालिका बांकीमोंगरा, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, जिला महामंत्री संजय शर्मा,अजय विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष रेणुका राठिया, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. विजय राठौर, समाजसेविका सुधा झा, वैशाली रत्नपारखी, योगेश मिश्रा, नीरज ठाकुर, कमल सिंह, अनिल वस्त्रकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्कृति और श्रद्धा का संगम बनेगा पाली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पाली महोत्सव 2026 का आयोजन 15 एवं 16 फरवरी को ग्राम पंचायत केराझरिया स्थित पाली महोत्सव मैदान में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। दो दिवसीय यह महोत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक संगीत का भव्य संगम प्रस्तुत करेगा। 15 फरवरी को शाम 7 बजे पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती और दीपोत्सव का आयोजन होगा। पाली महोत्सव 2026 के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेल व युवा कल्याण मंत्री अरुण साव शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य, श्रम, उद्योग, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखन लाल देवांगन करेंगे। समारोह में सांसद कोरबा श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत, विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नगर पंचायत पाली के अध्यक्ष अजय जायसवाल तथा ग्राम पंचायत केराझरिया की सरपंच श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैंकरा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

#### कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण



दो दिवसीय पाली महोत्सव के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महोत्सव को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु व्यापक एवं समन्वित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पाली के केराझरिया स्थित आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मंच निर्माण, दर्शक दीर्घा, बैठक व्यवस्था, व्हीआईपी बैठक, विभागीय स्टॉल, पार्किंग एवं बेरिकेडिंग की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए मंच पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति से निबटने के लिए स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम को मुस्तैद रहने हेतु निर्देशित किया साथ ही पेयजल, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### उन्नत पशु पालकों को किया गया प्रोत्साहित

**कोरबा।** विभागीय गतिविधियों के प्रचार प्रसार एवं पशुपालकों को पशु पालन की ओर रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को गा्रम सलियांभाठा कोरबा में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के उन्नत नस्ल के पशु पक्षियों का उत्कृष्ट प्रदर्शनी आयोजित हुई। कार्यक्रम में पशुपालकों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सौ से अधिक पशुपालकों द्वारा अपने पशु पक्षियों का प्रदर्शन किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### महापौर मानिकपुर डीपरापारा बस्ती के सीसी रोड निर्माण कार्य का किया औचक निरीक्षण

# समय पर हो निर्माण कार्य, गुणवत्ताहीनता पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्माण कार्यों के निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप ही कार्य किए जाएं तथा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान अनिवार्य रूप से दिया जाए, अन्यथा कार्य की गुणवत्ता के प्रति उदासीनता दिखाने या शेड्यूल के अनुसार कार्य न पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। विकास व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का होना आवश्यक है, ताकि दीर्घ समय तक विकास कार्य का लाभ आमजन को प्राप्त हो सके।


निरीक्षण करती महापौर एवं अन्य।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने मानिकपुर डीपरापारा बस्ती में निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी व अभियंताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा। उन्होंने वार्ड क्र. 31 मानिकपुर की डीपरापारा बस्ती में पहुंचकर वहाँ निगम द्वारा कराये जा रहे सीसी सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। महापौर ने मानिकपुर बस्ती में पुरानी व जीर्ण-शीर्ण नाली का सघन अवलोकन करते हुए नाली की मरम्मत किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने मानिकपुर पोखरी पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया तथा आसपास साफ-सफाई कराए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने बस्ती में पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से जानकारी ली, बस्तीवासियों से इन पर चर्चा की तथा उनके द्वारा बताया गया कि समस्याओं के त्वरित निराकरण के संबंध में त्वरित रूप से प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

